जनता कॉलेज बकेवर इटावा आज दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 24-11-2022 को हुआ।

जनता कॉलेज बकेवर इटावा आज दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। आज प्रथम दिन महिला कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में चंदगीराम स्टेडियम सैफई के कोच श्री कमल कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनता कॉलेज बकेवर के प्रबंधक श्री अरविंद कुमार मिश्रा उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कार्यवाहक प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने कार्यक्रम में जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया. मुख्य क्रीड़ा अधीक्षक डॉ ज्योति भदौरिया एवं सहायक क्रीडा अधीक्षक डॉ योगेश शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण एवं स्पोर्ट्स कैप पहना कर किया. प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के महाविद्यालयों की 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला चौधरी शुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर तथा तिलक महाविद्यालय औरैया के बीच हुआ जिसमें चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर विजेता एवं तिलक महाविद्यालय औरैया उपविजेता रहा जिन्हें कार्यवाहक प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला द्वारा क्रमश विजेता एवं उप विजेता की ट्राफी देकर सम्मानित किया गया.इसके पूर्व महिला महाविद्यालय कानपुर को हराकर चौधरी सुघर सिंह फाइनल में पहुंचा दूसरी ओर जनता कॉलेज बकेवर को हराकर तिलक महाविद्यालय औरैया ने फाइनल में जगह बनाई। लीग मैच में पीपीएन कॉलेज कानपुर को हराकर चौधरी सुघर सिंह सेमीफाइनल में पहुंचा ।जनता महाविद्यालय अजीतमल को हराकर तिलक महाविद्यालय औरैया सेमीफाइनल में पहुंचा। वहीं छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर को हराकर जनता कॉलेज बकेवर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला महाविद्यालय को बाई मिली और वह सेमीफाइनल में पहुंचा।

कार्यक्रम में डॉ ए के पांडे, डॉ एम पी यादव, डॉ पीके राजपूत,डॉ एमपी सिंह डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ ललित गुप्ता, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ नवीन अवस्थी , डॉ इंदुवाला मिश्रा, डॉ डी जे मिश्रा आदि उपस्थित रहे.

जागृति चौधरी शुगर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगरको बेस्ट रेडर तथा अनन्या जनता कॉलेज बकेवर को बेस्ट कैचर घोषित किया गया. कार्यक्रम का संचालन श्री अश्वनी मिश्रा एवं कॉलेज के पूर्व छात्र श्री आदित्य मोहन शर्मा ने किया.

कबड्डी में सुघर सिंह महाविद्यालय बना विजेता

तिलक डिग्री कॉलेज औरैया को दी मात

जनता कॉलेज बकेवर में हुई अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में गुरुवार को छात्राओं की अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता हुई। इसमें चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर की टीम ने तिलक डिग्री कॉलेज औरैया को हराया। कार्यकारी प्राचार्या डा. नलिनी शुक्ला ने दोनों टीमों को ट्राफी दी।

जनता कॉलेज में कबड्डी खेलतीं खिलाड़ी। संवाद

सेमीफाइनल में महिला महाविद्यालय कानपुर की टीम को हराकर चौधरी सुघर सिंह की टीम फाइनल में पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल जनता कॉलेज बकेवर और तिलक महाविद्यालय के बीच हुआ। इसमें तिलक डिग्री कॉलेज की टीम ने फाइनल में जगह बनाई।

पीपीएन कॉलेज कानपुर को हराकर चौधरी सुघर सिंह कॉलेज सेमीफाइनल में पहुंचा। जनता महाविद्यालय अजीतमल को हराकर तिलक महाविद्यालय औरैया सेमीफाइनल में पहुंचा। वहीं, छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर को हराकर जनता कॉलेज बकेवर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछली बार की उपविजेता महिला महाविद्यालय कानपुर की टीम बाई के जरिये सेमीफाइनल में पहुंची।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंदगीराम स्टेडियम सैफई के कोच कमल कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि जनता कॉलेज बकेवर के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा ने किया।

यहां क्रीड़ा अधीक्षक डा. ज्योति भदौरिया, सहायक क्रीड़ा अधीक्षक डा. योगेश शुक्ला, खेल शिक्षिका मीनू त्रिपाठी, डा. एके पांडे, डा. एमपी यादव, डा. पीके राजपूत, डा. एमपी सिंह, डा. धर्मेंद्र कुमार, डा. ललित गुप्ता, डा. प्रकाश दुबे, डा. नवीन अवस्थी, डा. इंदु बाला मिश्रा, डा. डीजे मिश्रा, डा. सत्यार्थ मौर्य आदि मौजूद रहे।

चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय की छात्रा जागृति चौधरी को बेस्ट रेडर और जनता कॉलेज बकेवर की अनन्या को बेस्ट कैचर घोषित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन अश्वनी मिश्रा ने किया।